Toppersnotes
Unleash the topper in you

# UGC-NET

# इतिहास

**National Testing Agency (NTA)**

**पेपर 2 || भाग – 1**

SIERRA
INNOVATIONS

# विषय सूची


| क्र.सं. | अध्याय | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| | **प्राचीन इतिहास** | |
| **1.** | **इतिहास का परिचय व उसके स्त्रोत** | 1 |
| | ➢ परिचय | 1 |
| | ➢ साहित्यिक स्त्रोत | 6 |
| | ➢ महाकाव्य | 13 |
| **2.** | **पाषाण काल** | 16 |
| | ➢ पुरापाषाण काल | 16 |
| | ➢ मध्य पाषाण काल (10000 ई. पू. – 6000 ई. पू.) | 23 |
| | ➢ नवपाषाण काल : Neolithic Age (6000 ई. पू. – 1000 ई. पू.) | 26 |
| **3.** | **महापाषाण संस्कृति** | 34 |
| | ➢ महापाषाण स्थलों का क्षेत्र | 36 |
| | ➢ ताम्र पाषाण काल (Chalcolithic Age) 4000 BC–1500 BC | 37 |
| | ➢ भारत के अन्य ताम्र पाषाण कालीन स्थल | 44 |
| **4.** | **सिंधु घाटी सभ्यता / हड़प्पा सभ्यता** | 45 |
| | ➢ सिंधु सभ्यता की जानकारी/परिचय | 45 |
| | ➢ प्रथम - मिश्र की सभ्यता और दूसरी – मेसोपोटामिया | 47 |
| | ➢ सिंधु सभ्यता का आर्थिक जीवन | 59 |
| | ➢ सिंधु सभ्यता / हड़प्पा सभ्यता के प्रमुख नगर स्थल | 64 |
| | ➢ सिंधु सभ्यता की कला एवं स्थापत्य | 70 |
| **5.** | **वैदिक सभ्यता** | 79 |
| | ➢ वैदिक सभ्यता का स्वरूप | 79 |
| | ➢ वैदिक काल का विभाजन | 83 |
| | ➢ ऋग्वेदिक काल का आर्थिक जीवन | 89 |
| | ➢ उत्तरवैदिक काल (1000 ई.पू. - 600 ई.पू.) | 92 |
| | ➢ उत्तरवैदिक कालीन धार्मिक जीवन | 100 |
| **6.** | **प्राचीन काल में नवीन धार्मिक सम्प्रदाय का उदय** | 105 |
| | ➢ परिचय | 105 |
| | ➢ प्राचीन भारत के कुछ महत्वपूर्ण सम्प्रदाय | 105 |
| | ✓ जैन धर्म | 105 |
| | ✓ गौतम बुद्ध व बोद्ध | 115 |
| **7.** | **पौराणिक धर्म** | 128 |
| | ➢ वैष्णव धर्म (भागवत धर्म) | 128 |
| | ➢ शैव धर्म | 130 |

| | | |
|---|---|---|
| | ➢ शाक्त धर्म | 132 |
| | ➢ उत्तर भारत की राजनैतिक दशा (600 ई.पू. - 300 ई.पू.) | 134 |
| | ➢ महाजनपद काल | 135 |
| | ➢ मगध साम्राज्य का उत्कर्ष | 142 |
| | ➢ हर्यक वंश (544 ई.पू. - 412 ई.पू.) | 143 |
| | ➢ शैशुनाग वंश (412 ई.पू. - 344 ई.पू.) | 145 |
| | ➢ नन्द वंश (344 ई.पू. - 322 ई.पू.) | 145 |
| | ➢ यूनानी आक्रमण (सिकन्दर का आक्रमण) | 147 |
| | ➢ मौर्य साम्राज्य (322 ई.पू. - 185 ई.पू.) | 151 |
| | ➢ चन्द्रगुप्त मौर्य (322 ई.पू. - 298 ई.पू.) | 151 |
| | ➢ बिन्दुसार (298 ई.पू. - 273 ई.पू.) | 154 |
| | ➢ सम्राट अशोक (273 ई.पू. - 232 ई.पू.) | 155 |
| **8.** | **मौर्यकालीन प्रशासन** | 160 |
| | ➢ केन्द्रीय प्रशासन | 160 |
| | ➢ प्रान्तीय प्रशासन | 162 |
| | ➢ नगर प्रशासन | 163 |
| | ➢ सैन्य प्रशासन | 165 |
| | ➢ मौर्यकालीन अर्थव्यवस्था | 166 |
| | ➢ उद्योग | 166 |
| | ➢ मौर्यकालीन मुद्रा प्रणाली | 167 |
| | ➢ मौर्यकालीन कला | 168 |
| | ➢ मौर्यकालीन साहित्य | 171 |
| | ➢ शुंग वंश – (185 ई.पू. – 75 ई.पू.) | 177 |
| | ➢ सातवाहन वंश | 181 |
| | ➢ इक्ष्वाकु वंश | 185 |
| **9.** | **मौर्योत्तर काल** | 186 |
| | ➢ विदेशी आक्रमण | 186 |
| | ✓ इण्डो-ग्रीक (यवन) | 186 |
| | ✓ यवन-अधिपत्य का प्रभाव | 188 |
| | ✓ पह्लव (पार्थियन) | 189 |
| | ✓ शक (सीथियन) | 189 |
| | ✓ पश्चिमी क्षत्रप: क्षहरात वंश | 190 |
| | ✓ कार्दमक वंश (चष्टन वंश) | 191 |
| | ➢ कुषाण राजवंश | 192 |
| | ✓ कुषाण कला | 195 |
| | ➢ गुप्तकाल | 197 |
| | ➢ गुप्त प्रशासन एवं संस्कृति | 211 |

| | | |
|---|---|---|
| | ✓ केन्द्रीय प्रशासन<br>✓ प्रान्तीय प्रशासन<br>✓ जिला प्रशासन / नगर प्रशासन<br>✓ ग्राम प्रशासन<br>✓ न्याय प्रशासन<br>✓ सैन्य प्रशासन<br>➢ आर्थिक जीवन<br>➢ वर्धन वंश / पुष्यभूति वंश<br>➢ हर्षवर्धन का प्रशासन | 211<br>212<br>212<br>212<br>213<br>213<br>214<br>225<br>232 |
| **10.** | **संगम काल**<br>➢ दक्षिण भारत के राजवंश<br>➢ संगम काल के तीन प्रमुख राजवंश — चेर, चोल, पाण्ड्य<br>✓ चेर राज्यवंश<br>✓ चोल वंश/राज्य<br>✓ पाण्ड्य राज्य / वंश<br>➢ आर्थिक जीवन | 235<br>235<br>239<br>239<br>240<br>241<br>242 |

# 1 CHAPTER

# इतिहास का परिचय व उसके स्त्रोत

## इतिहास का परिचय व उसके स्त्रोत

**इतिहास** :- अतीत की घटनाओं का वर्तमान में अध्ययन ही इतिहास है।"

- अतीत की घटनाओं का क्रमबद्ध अध्ययन इतिहास कहलाता है।
- इतिहास शब्द का सर्वप्रथम उल्लेख अथर्ववेद में मिलता है।
- इतिहास के जनक/Father of History/इतिहास के पिता:- हेरोडोटस
- हेरोडोटस यूनान के मूल निवासी थे
  - ✓ पुस्तक - हिस्टोरिका (Historica)
- इस पुस्तक में भारत व फारस के संबंधों का वर्णन है।
- इतिहास को व्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने वाले प्रथम विद्वान थे।

## इतिहास की प्रमुख परिभाषाएं व विद्वान

- "सम्पूर्ण इतिहास विचारों का इतिहास है"- आर जी कॉलिंगवुड
- "इतिहास व्यक्ति को बुद्धिमान बनाने में सहायक है" - फ्रांसिस बेकन
- "सम्पूर्ण इतिहास समसामयिक इतिहास है"- बेनडिटो क्रोचे
- "इतिहास, अतीत व वर्तमान के मध्य होने वाला ई. एच. कार अंतहीन संवाद है"
- "इतिहासकार जिसे लिखता है वही इतिहास है"- जी. आर. एल्टन
- इतिहास लैटिन भाषा का शब्द है।
- इतिहास को तीन भागों में बांटा गया है- (लिपि के आधार पर)
  1. प्रागैतिहासिक काल/आदिमानव काल
  - ✓ इतिहास का वह काल जिसमें कुछ भी लिखा हुआ नहीं मिला। जैसे - पाषाण काल, ताम्र पाषाण काल।
  2. आद्य ऐतिहासिक काल सभ्यताओं का काल
  - ✓ इतिहास का वह काल जिसमें लिखा हुआ मिला है लेकिन पढ़ा नहीं जा सका। जैसे- हड़प्पा सभ्यता।
  3. ऐतिहासिक काल व्यवस्थित राजनैतिक घटनाक्रम।
  - ✓ इस काल में लिखा हुआ भी मिला है और उसे पढ़ा भी गया है। जैसे:- महाजनपद काल से वर्तमान तक का इतिहास
- आदि मानव इतिहास की जानकारी अनुमानों पर आधारित है।
- सभ्यताओं का इतिहास साक्ष्य /सबूतों पर आधारित है।
- व्यवस्थित इतिहास की जानकारी के प्रमुख स्रोत साहित्य व लिखित प्रमाण पर आधारित है।
- महान विद्वान जेम्स मिल ने अपनी पुस्तक History of British India में भारत के इतिहास को तीन भागों में बांटा है।
  1. प्राचीन काल (Ancient History) - हिन्दुओं का काल
  2. मध्यकाल (Medieval History) - मुस्लिम शासन
  3. आधुनिक काल (Modern History) - अंग्रेजी काल

  (यह विभाजन अध्ययन की दृष्टि से किया गया है।)

- प्राचीन भारत का पहला सुव्यवस्थित इतिहास "The Early History of India" है।
- यह पुस्तक 1904 में वी. ए. स्मिथ ने लिखी थी।
- स्मिथ आयरलैंड के निवासी थे। इनका जन्म 1843 ई. में डबलिन हुआ।
- भारतीय इतिहास को समझने के लिए इसे तीन स्रोतों में बांटा जा सकता है।
  1. पुरातात्विक स्रोत।
  2. साहित्यिक स्रोत।
  3. विदेशी यात्रियों के विवरण।

**1. पुरातत्व संबंधी साक्ष्य**

- इसमें पृथ्वी के गर्भ में छिपी हुई सामग्रियों को शामिल किया जाता है।
- इसमें मुख्यतः खुदाई में निकली सामग्री, स्मारक, अभिलेख, मुद्रा ताम्रपत्र, भवन, मूर्तियां आदि आते हैं।
- पुरातत्व उत्खनन लंबवत व क्षैतिज दो प्रकार से किया जाता है।
- देश में पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की स्थापना-1861 में
- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के संस्थापक/जनक/जन्मदाता अलेक्जेंडर कनिंघम
- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की स्थापना के समय भारत के वायसराय लॉर्ड कैनिंग थे।
- अलेक्जेंडर कनिंघम इस विभाग के प्रथम महानिदेशक थे।
- भारत में पाषाण कालीन सभ्यता की खोज का कार्य सर्वप्रथम 1863 ई. में अलेक्जेंडर कनिंघम द्वारा प्रारंभ हुआ।
- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग का मुख्यालय दिल्ली में है।
- यह पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय के अधीन कार्यशील है।
- तत्कालीन वायसराय लॉर्ड कर्जन ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग का पुनर्गठन किया।
- इस समय सर जॉन मार्शल इसके महानिदेशक बने।

**1. अभिलेख:**

- ✓ पुरातात्विक स्रोतों में सबसे महत्वपूर्ण स्रोत है।
- ✓ अभिलेख-शिलाओं, स्तंभों, ताम्रपत्रों, दीवारों आदि पर खुदे मिले हैं।
- ✓ विश्व के सबसे प्राचीन अभिलेखों में बोघजकोई अभिलेख है।
- ✓ यह अभिलेख (एशिया माइनर) तुर्की से 1400 ई. पू. का मिला है।
- ✓ बोघजकोई अभिलेख की खोज ह्यूंको विंकलर ने 1907 में की।
- ✓ इस अभिलेख की लिपि कीलाक्षर तथा भाषा हिन्द यूरोपीय है।
- ✓ यह हित्ती नरेश सप्पिलुल्युमा तथा मित्तानी नरेश मतिवजा के बीच संधि का उल्लेख करता है।
- ✓ इसमें वैदिक देवताओं इन्द्र, वरुण, मित्र, व नासत्य के नाम मिले हैं।
- ✓ हित्ती तथा मित्तानी के मध्य इन्हीं देवताओं को संधि का साक्षी माना गया है।
- ✓ भारत में सर्वप्रथम अभिलेख लिखवाने वाला प्रमाणिक शासक सम्राट अशोक था।
- ✓ अशोक को अभिलेखों की प्रेरणा ईरान के हखामनी वंश के राजा डेरियस/दारा I से मिली थी।
- ✓ नक्श-ए-रुस्तम, बेहिस्तून तथा पर्सिपोलिस के अनुसार डेरियस ने सिंधु नदी के क्षेत्र पर अधिकार किया था।
- ✓ नक्श-ए-रुस्तम को डीएनए अभिलेख कहा जाता है।
- ✓ भारत में सबसे प्राचीन अभिलेख सम्राट अशोक के माने जाते हैं।
- ✓ भारत में सबसे प्राचीन अभिलेख उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में पिप्रहवा नामक स्थान से मिला है। जिसे पिप्रहवा का अभिलेख कहा जाता है।
- ✓ अभिलेखों के अध्ययन को पुरालेख शास्त्र/एपिग्राफी कहा जाता है।

**अभिलेख के प्रकार**

1. शिलालेख - शिलाओं पर लिखे गए लेख।
2. स्तंभलेख - स्तंभ/पिलर पर लिखे गए लेख।
3. गुहालेख - गुफाओं की दीवार/चट्टानों पर लिखे गए लेख।
4. प्रशस्ति लेख - राजाओं की प्रशंसा में लिखे गए लेख।

- मौर्य सम्राट अशोक ने सभी प्रकार के अभिलेख लिखवाए थे।
- ईरान के शासक दारा I से प्रभावित होकर अशोक ने अभिलेख लिखवाए।
- अशोक ने अपने अभिलेख ब्राह्मी लिपि तथा खरोष्ठी लिपि में लिखवाए।
- पाकिस्तान और अफगानिस्तान में अरेमाइक तथा यूनानी लिपि में भी मिले हैं।
- अशोक के अभिलेखों की प्रमुख लिपियाँ- ब्राह्मी, खरोष्ठी, अरेमाइक तथा यूनानी थीं।
- अशोक के अभिलेखों की भाषा प्राकृत है।
- भारत में मिले अभिलेख प्राकृत भाषा तथा ब्राह्मी लिपि में हैं।
- अशोक के अभिलेखों की खोज सर्वप्रथम 1750 में टिफेन्थेलर ने की।
- टिफेन्थेलर ने यह खोज दिल्ली-मेरठ स्तंभ लेख के रूप में की थी।
- अशोक के अभिलेखों को सर्वप्रथम 1837 ई. में जेम्स प्रिंसेप ने पढ़ा।
- अशोक के अभिलेखों की ब्राह्मी लिपि को सर्वप्रथम जेम्स प्रिंसेप ने ही पढ़ा था।
    1. **ब्राह्मी लिपि** - भारत में (लिखावट-बाएं से दाएं)
    2. **खरोष्ठी** - पाकिस्तान (दाएं से बाएं)
    3. **यूनानी** - अफगानिस्तान (नीचे से बाएं)
    4. **अरामाइक** - पाकिस्तान (नीचे से दाएं)
- अशोक के अभिलेखों से उसके शासनकाल की जानकारी मिलती है।
- उसके मुख्य शिलालेख 8 स्थानों से, जिसमें 14 लेख प्राप्त हुए हैं।

| स्थान | खोजकर्ता | समय ई. में | |
|---|---|---|---|
| 1. | गिरनार (गिरनार, गुजरात) | कर्नल टॉड | 1822 |
| 2. | धोली ( पुरी, ओडिशा) | कर्नल किट्टो | 1837 |
| 3. | जौगढ (गंजाम, ओडिशा) | इलियट | 1850 |
| 4. | कालसी (देहरादून, उत्तराखण्ड) | फॉरेस्ट | 1860 |
| 5. | सोपारा (थाना, महाराष्ट्र) | भगवान लाल | 1882 |
| 6. | एरंगुडि (कर्नूल आंध्र प्रदेश) | अनुघोष | 1929 |
| 7. | शाहबाज गढ़ी (पेशावर, पाकिस्तान) | कोर्ट | 1836 |
| 8. | मानससहरा (हजारा, पाकिस्तान) | कनिंघम | 1889 |

- सबसे पहले खोजा गया मुख्य शिलालेख - गिरनार
- सबसे बाद में खोजा गया मुख्य शिलालेख - एर्रगुडि
- अशोक का सबसे लंबा अभिलेख - भाब्रू लघु शिलालेख है जो राजस्थान के कोटपूतली-बहरोड़ के बैराठ से मिला था।
- अशोक का सबसे छोटा अभिलेख - रूम्मिनदेई स्तंभ लेख है।
- पाकिस्तान में स्थित शाहबाजगढ़ी तथा मानसेहरा शिलालेख खरोष्ठी लिपि में हैं।

- खरोष्ठी लिपि का उद्भव ईरान में हुआ था।
- आंध्र प्रदेश में स्थित एर्रगुडि अभिलेख खरोष्ठी तथा ब्राह्मी दोनों लिपियों में है।
- अन्य सभी मुख्य शिलालेख ब्राह्मी लिपि तथा प्राकृत भाषा में हैं।
- अशोक के अभिलेखों से उसकी राज्य सीमा, उसके धर्म तथा उसकी शासन नीति पर प्रकाश पड़ता है।

## प्राचीन भारत पर प्रकाश डालने वाले अन्य प्रमुख अभिलेख

- **हाथीगुम्फा अभिलेख** - कलिंग के राजा खारवेल का है।
- यह ओडिशा के भुवनेश्वर के पास उदयगिरि पहाड़ियों में है।
- यह शिलालेख प्राकृत भाषा तथा ब्राह्मी लिपि में है।
- इसकी खोज 1825 ई. में हुई।
- खोजकर्ता - बिशप ए. स्टर्लिंग
- यह भारत में नहर निर्माण का प्राचीनतम अभिलेखीय साक्ष्य है।
- 1837 ई. में जेम्स प्रिंसेप ने इसे पढ़ा।
- भारत के लिए भारतवर्ष का पहला उल्लेख इसी अभिलेख में हुआ है।

## रुद्रदामन का जूनागढ़ अभिलेख

- यह विशुद्ध संस्कृत में लिखित प्रथम अभिलेख है।
- यह उज्जैन के शक महाक्षत्रप रुद्रदामन प्रथम ने लिखवाया।
- इसकी शैली चम्पू शैली है। (गद्य-पद्य मिश्रित रूप)
- भारतीय काव्य का प्राचीनतम स्रोत इसी जूनागढ़ में है।
- इस अभिलेख में अशोक तथा चन्द्रगुप्त मौर्य का एक साथ उल्लेख मिलता है।
- यह भारत में स्वयंवर प्रथा का पहला प्रमाणिक अभिलेखीय साक्ष्य है।

## एहोल अभिलेख

**भाषा-संस्कृत**

**रचनाकार** - रविकीर्ति, 634 ई. में

- इसमें सर्वप्रथम गुर्जर जाति का उल्लेख हुआ है।
- इसमें पुलकेशिन द्वितीय (चालुक्य शासक) द्वारा हर्षवर्धन को पराजित होने का उल्लेख मिलता है।
- इन दोनों शासकों के मध्य यह युद्ध नर्मदा नदी के तट पर लड़ा गया।

**गरुड़ध्वज स्तंभ लेख**

- लिपि- ब्राह्मी
- भाषा - प्राकृत
- खोज- अलेक्जेंडर कनिंघम ने 1877 ई. में की।
- यह स्तंभ लेख तक्षशिला के हिन्द यूनानी शासक एण्टियालकिड्स के राजदूत हेलियोडोरस का है।
- यह भागवत धर्म (वैष्णव) के विकास की जानकारी देता है।
- इस अभिलेख से पता चलता है कि हेलियोडोरस भागवत धर्म का अनुयायी था।
- भारत में भूमि अनुदान का प्राचीनतम साक्ष्य नानाघाट अभिलेख में मिला है।

- सप्ताह के दिवस-नाम उल्लेखित प्रथम अभिलेख एरण अभिलेख है।
- श्रीकृष्ण व माता देवकी का उल्लेख करने वाला प्रथम अभिलेख भीतरी स्तंभ लेख है। यह स्कन्दगुप्त का है।
- नहर प्रणाली का उल्लेख करने वाला प्राचीनतम अभिलेख हाथीगुम्फा अभिलेख है, जो कलिंग नरेश खारवेल का है।
- स्थापत्य निर्माण कार्य पर खर्च का विवरण देने वाला प्राचीनतम लेख हाथीगुम्फा अभिलेख है।
- अयोध्या अभिलेख (उत्तर प्रदेश) में पुष्यमित्र शुंग के द्वारा किए गए दो अश्वमेध यज्ञों का वर्णन है।
- स्कन्दगुप्त के भितरी स्तंभ लेख (गाजीपुर UP) से पुष्यमित्र का हूणों के साथ युद्ध का वर्णन है।
- जजमानी प्रथा का वर्णन करने वाला प्रथम अभिलेख नालंदा पुरालेख है।
- ग्रामीण स्थानीय स्वशासन का प्रथम अभिलेखीय साक्ष्य-मुदलईमुलम अभिलेख है।
- प्रयाग प्रशस्ति में समुद्रगुप्त को उसके सिक्कों पर वीणा बजाते हुए दिखाया गया है।
- प्रयाग प्रशस्ति की रचना संस्कृत भाषा में हरिषेण ने की थी।
- यह अशोक के कौशांबी अभिलेख पर उत्कीर्ण है।
- नागरी लिपि में उत्कीर्ण प्राचीनतम अभिलेख-दिध्वादेबौली ताम्रपत्र है।
- यह अभिलेख प्रतिहार शासक महेन्द्रपाल का है।
- ग्वालियर अभिलेख (मध्यप्रदेश) प्रतिहार शासक मिहिर भोज से संबंधित है।
- इसमें गुर्जर प्रतिहार शासकों की जानकारी मिलती है।
- हाथीगुम्फा अभिलेख (उदयगिरी-उड़ीसा) यह बिना तिथि का अभिलेख है।
- शून्य का उल्लेख करने वाला प्राचीनतम अभिलेख ग्वालियर चतुर्भुज अभिलेख है, जो मिहिरभोज का है।
- एरण अभिलेख (मध्यप्रदेश) से भारत में सती प्रथा का प्राचीनतम साक्ष्य प्राप्त हुआ है। (510 ई. का प्रमाण)
- इस अभिलेख में गुप्त शासक भानुगुप्त के सेनापति गोपराज की पत्नी के सती होने का प्रमाण मिला है।

**Note:-** अंग्रेजी गवर्नर जनरल विलियम बेंटिक ने अधिनियम-17 के तहत 1829 में कानून बनाकर सती प्रथा को अवैध घोषित कर दिया था।

- शक संवत का प्राचीनतम उल्लेख हिस्से बोराला अभिलेख (जो 458 ई. का है) में मिला है।
- शक संवत का संस्थापक कुषाण शासक कनिष्क था, इसकी शुरुआत 78 ई. में हुई।
- वर्तमान में यह भारत का राष्ट्रीय संवत है।

## <u>सिक्के या मुद्रायें</u>

- सिक्कों का अध्ययन मुद्राशास्त्र कहलाता है जिसे अंग्रेजी भाषा में Numismatics कहते हैं।
- मुद्रा शास्त्र का पिता/जनक - जेम्स प्रिंसेप हैं।


**Note:-** भारत का मुद्राशास्त्री शासक मुहम्मद बिन तुगलक है।

- भारत में प्राचीन सिक्कों को आहत सिक्के / पंचमार्क कहा जाता है।
- देश में सबसे पुराने सिक्के (आहत)-तक्षशिला, उत्तर प्रदेश तथा मगध से मिले हैं।
- इन सिक्कों पर मछली, पहाड़, पेड़, हाथी, सांड तथा सूर्य का अंकन मिलता है।
- समस्त आहत सिक्कों पर सूर्य का अंकन मिला है।
- इन्हीं प्राचीन सिक्कों को साहित्य में 'कार्षपण', 'पुराण,' 'धरण' 'शतमान' आदि भी कहा गया है।
- सिक्कों पर सर्वप्रथम लेख लिखवाने का कार्य यवन शासकों ने किया।
- भारत में सर्वाधिक आहत मुद्रायें मौर्य काल में मिली हैं।

- 1835 ई. में जेम्स प्रिंसेप ने इन्हें पंचमार्क कहा।
- वासुदेव शरण ने इन सिक्कों को आहत मुद्रा कहा।
- इन सिक्कों का विस्तृत व्याख्यात्मक अध्ययन ई. जे. रैप्सन ने किया है।
- सिक्कों पर सर्वप्रथम राजकीय नियंत्रण मौर्य काल के समय हुआ।
- अधिकांश पंचमार्क सिक्के चांदी धातु के हैं।
- मौर्य काल में मुद्रा एवं टकसाल का अध्यक्ष लक्षणाध्यक्ष कहलाता था।
- रूप दर्शक नामक अधिकारी मुद्रा का परीक्षण करता था।
- भारत में सर्वप्रथम तिथि-युक्त सिक्के शक शासक जीवदामन ने जारी किए थे।
- नियमित रूप से सबसे पहले शुद्ध सोने के सिक्के कुषाणों ने जारी किए।
- पांचाल जनपद के सिक्कों के पृष्ठ भाग पर अंकित चिन्ह अग्रभाग पर दिए राजा के नाम से मेल खाते हैं।
- दक्षिण भारत के स्वर्ण सिक्के 'हूण वराह' या पगोद कहलाते हैं।
- इसी प्रकार तांबे के सिक्के को कासू कहा जाता था।
- इंडो ग्रीक शासकों ने भारत में पहली बार सिक्कों पर शासकों के नाम, देवी देवताओं की आकृतियों और लेख वाले सिक्के चलाने की प्रथा शुरू की।
- भारत में सर्वाधिक चाँदी के सिक्के मौर्यों ने चलाए।
- भारत में सर्वाधिक ताँबे के सिक्के कुषाणों ने तथा सोने के सर्वाधिक सिक्के गुप्तों ने चलाए।
- गुप्त शासक समुद्रगुप्त के सिक्कों पर उसे वीणा बजाते दिखाया गया है।
- गुप्तकाल में चांदी का सिक्का रूपक तथा सोने का सिक्का दीनार कहलाता था।
- गुप्त शासकों में सर्वप्रथम सोने की मुद्रा चन्द्रगुप्त प्रथम ने जारी की।
- सातवाहन शासकों ने सीसे व पोटीन धातु के सिक्के जारी किए।
- सातवाहन शासक यज्ञश्री शातकर्णी के सिक्कों पर जलपोत उत्कीर्ण होने से उसका समुद्र प्रेम तथा उसकी विजय का अनुमान लगाया जाता है।

## <u>साहित्यिक स्त्रोत</u>

हमारा साहित्य दो प्रकार का है –




### <u>ब्राह्मण साहित्य :-</u>

**वेद -**

- वेद का अर्थ है ज्ञान या जानना।
- ये भारत के सर्वप्राचीन धर्म ग्रंथ हैं।
- वेदों की संख्या चार है
  1. ऋग्वेद
  2. यजुर्वेद
  3. सामवेद तथा
  4. अथर्ववेद
- वेदों का संकलन महर्षि कृष्ण द्वैपायन वेदव्यास ने किया था।
- भारतीय परंपरा में वेदों को नित्य तथा अपौरुषेय माना गया है।
- चारों वेदों को सम्मिलित रूप से संहिता कहा जाता है।

- वेदों को चार भागों में बांटने का कार्य वेदव्यास जी ने किया।
- श्रवण परंपरा में सुरक्षित होने के कारण वेदों को श्रुति कहा जाता है।
- सबसे प्राचीन वेद ऋग्वेद तथा सबसे नवीन वेद अथर्ववेद है।
- वेदों को लिखित रूप से 1500 ई.पू. से 600 ई.पू. के बीच रखा जाता है।

**1. ऋग्वेद :-**

- यह सभी वेदों में प्रथम तथा सबसे प्राचीन माना जाता है।
- इसका लिखित समय 1500 ई. पू. से 1000 ई. पू. माना जाता है।
- इसमें कुल मण्डल - 10
- सूक्त - 1028 (बालखिल्य सूक्त - 11)
- मंत्र – 10600
- ऋग्वेद की पांच शाखाएं हैं-
  1. शाकल
  2. वाष्कल
  3. आश्वलायन
  4. शांखायन
  5. मंडूकायन
- वर्तमान में केवल शाकल संहिता ही उपलब्ध है।
- ऋग्वेद में हस्तलिखित ऋचाएं खिल कहलाती हैं।
- ऋग्वेद में प्रथम, आठवां, नवां तथा दसवां मण्डल परवर्ती काल के हैं।
- सबसे पुराना मण्डल दूसरा तथा सातवां
- सबसे नवीन मण्डल - पहला तथा दसवां
- ऋग्वेद का सबसे प्रमाणिक मण्डल वंश मण्डल को माना जाता है।
- इसके दूसरे से सातवें मण्डल को वंश मण्डल कहा जाता है।
- वंश मण्डल की शुरुआत अग्नि की स्तुति से होती है।
- ऋग्वेद में 200 सूक्त अग्नि से संबंधित हैं।
- अग्नि इन्द्र के बाद दूसरा महत्वपूर्ण देवता था।
- ऋग्वेद में अग्नि को देवताओं का मुख कहा गया है।
- अग्नि देवताओं तथा मनुष्यों के मध्य मध्यस्थ था।
- ऋग्वेद का सबसे महत्वपूर्ण देवता इन्द्र था।
- इसे पुरंदर भी कहा गया है। इन्द्र शब्द का 250 बार प्रयोग हुआ है।
- ऋग्वेद का पहला मण्डल अंगिरा ऋषि को तथा सातवां मण्डल वरुण देव को समर्पित है।
- सातवें मण्डल में अश्वमेध यज्ञ का उल्लेख मिलता है।
- ऋग्वेद का नवां मण्डल सोम देवता, को समर्पित है। इसी को सोम मण्डल कहा जाता है।
- ऋग्वेद के तीसरे मण्डल में गायत्री मंत्र का उल्लेख हुआ है।
- गायत्री मंत्र में सवितृ की उपासना गायत्री के रूप में की गई है।
- लक्ष्मी का प्रथम उल्लेख ऋग्वेद में ही हुआ है।
- ऋग्वेद में वरुण तथा मित्र को हजारों स्तम्भों वाले महल में निवास करते वर्णन किया है।

- ऋग्वेद में आर्य का शाब्दिक अर्थ है - श्रेष्ठ। यह किसी धर्म या जाति का सूचक नहीं है वरन गुणवाचक संज्ञा है।
- ऋग्वेद के 10 वें मण्डल में पुरुष सूक्त मिलता है।
- यही 10वां सूक्त नदी सूक्त, नासदीय सूक्त तथा सूर्य सूक्त (विवाह सूक्त) से संबंधित है।
- ऋग्वेद में स्वर्ण आभूषण को निष्क कहा गया है। यह एक गले का हार था।
- ऋग्वेद में सर्वप्रथम वर्ण व्यवस्था का उल्लेख हुआ है।
- गायत्री मंत्र की रचना विश्वामित्र ने की थी।
- "मैं कवि हूँ, मेरे पिता भीषण है और मेरी माता अन्न पिसती है" यह अवतरण ऋग्वेद से लिया गया है।
- ऋग्वेद के 10 वें मण्डल के पुरुष सूक्त में समाज की चार वर्ण व्यवस्था का उल्लेख मिलता है।
- इसी मण्डल में बताया गया है कि चारों वर्णों की उत्पत्ति एक विराट पुरुष के विभिन्न अंगों से हुई।
- जब विराट पुरुष की बलि दी गई तो
  - ✓ मुख - ब्राह्मण
  - ✓ भुजा - क्षत्रिय
  - ✓ जंघा - वैश्य
  - ✓ पैर - शूद्र
- ऋग्वेद में गाय को सम्पत्ति का मुख्य आधार माना गया है।
- इसी वेद में गाय को अघन्य कहा गया है।
- ऊँट का प्रथम उल्लेख भी इसी ऋग्वेद में हुआ है। आठवें मण्डल का पांचवा और 46 वां श्लोक ऊँट से संबंधित है।
- विष्णु का प्राचीनतम उल्लेख ऋग्वेद में ही मिलता है।
- इस वेद में विष्णु को त्रिविक्रम, उरुगाय तथा उरुक्रम उपाधियों से विभूषित किया गया है।
- लोपामुद्रा, घोषा, शची, पौलोमी एवं काक्षावृति नामक स्त्रियों ने ऋग्वेद की ऋचाओं की रचना की।
- ऋग्वेद के कुछ जैनी तीर्थकर के नाम भी मिलते हैं।
- देवता बृहस्पति एवं उनकी पत्नी जूही का उल्लेख, ऋग्वेद में हुआ है।
- सर्वप्रथम स्तूप शब्द का उल्लेख इसी ऋग्वेद में हुआ है।
- अयोध्या शब्द का प्रथम उल्लेख भी ऋग्वेद में ही हुआ है।
- ऋग्वेद के सातवें मण्डल में पुरुष्णी (रावी नदी) नदी के तट पर लड़े गए दशराज्ञ युद्ध का उल्लेख किया गया है।

| **मण्डल** | **रचयिता** |
|---|---|
| प्रथम | रचयिता एक से अधिक |
| दूसरा | गृहत्समद (विश्व के प्रथम इंजीनियर) |
| तीसरा | विश्वामित्र |
| चौथा | वामदेव अंगीरस |
| पाँचवां | अत्रि |
| छठा | भारद्वाज अंगीरस |
| सातवां | वशिष्ठ |
| आठवां | कण्व व अंगिरा |
| नवम् | एक से अधिक ऋषि रचयिता |
| दसवां | एक से अधिक ऋषि रचयिता |

- वेदत्रयी :- ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद।
- सहिताएं :- ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद तथा अथर्ववेद।
- वेदों का क्रम :- ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद, अथर्ववेद।
- ऋग्वेद का पहला मण्डल अंगिरा ऋषि को तथा आठवां मण्डल कण्व ऋषि को समर्पित है।

**2. सामवेद**

- साम का शाब्दिक अर्थ है - गान।
- इसे भारतीय संगीत का मूल कहा जाता है।
- इसमें 75 सूक्तों को छोड़कर बाकी सभी सूक्त ऋग्वेद से लिए गए हैं।
- इसे भारतीय संगीत का जनक माना जाता है।
- सामवेद भारतीय संगीतशास्त्र की सबसे प्राचीनतम पुस्तक है।
- यह वेद आकार में चारों वेदों से छोटा वेद है।
- सामवेद के मंत्रों को सामानि कहा जाता है।

Note- ऋग्वेद में मंत्र- ऋचा

यजुर्वेद में - यूजंथि

- सामवेद व ऋग्वेद को दम्पति के रूप में जाना जाता है।
- चंद्रमा सूर्य के प्रकाश के कारण चमकता है, यह सबसे पहले सामवेद में ही लिखा हुआ मिला है।
- भारतीय संगीत के सात स्वर- सा, रे, गा, मा, पा, धा, नि सामवेद से लिए गए हैं।
- कर्नाटक संगीत के स्वर तथा हिंदुस्तानी स्वर सामवेद से लिए गए हैं।
- सामवेद में सबसे ज्यादा प्रमुखता सूर्य (सविता) को दी गई है। इस वेद में सूर्य की स्तुति सर्वाधिक बार की गई है।
- सामवेद तीन पाठों में विभक्त है -
  1. गुजरात की कौथुम संहिता
  2. महाराष्ट्र की राणायनीय संहिता
  3. कर्नाटक की जैमिनीय संहिता
- सामवेद भारतीय संगीत से संबंधित वेद है।
- सामवेद का प्रथम दृष्टा वेदव्यास के शिष्य जैमिनी हैं।

**3. यजुर्वेद**

- यह कर्मकांण्ड पर आधारित वेद था।
- इसमें यज्ञ संबंधी सूक्तों का संग्रह किया गया है।
- इसमें कुल दो भाग हैं

  (i) शुक्ल यजुर्वेद और (ii) कृष्ण यजुर्वेद
- शुक्ल यजुर्वेद को ही असली यजुर्वेद माना गया है। वेद के इस भाग को वाजसनेयी संहिता कहा गया है।
- वाजसनेयी संहिता के दृष्टा वाज सेन के पुत्र याज्ञवल्क्य थे।
- वाजसनेयी संहिता को दो भागों में बांटा गया है -

  (i) काण्व और (ii) माध्यन्दिन।
- इस वेद को पाँच शाखाओं में बांटा गया है।

(1) काठक
(2) तैत्तिरीय
(3) मैत्रायणी
(4) कपिष्ठल
(5) वाजसनेयी

- केवल वाजसनेयी संहिता का आधार शुक्ल यजुर्वेद है।
- प्रथम चार शाखाएं कृष्ण यजुर्वेद से संबंधित हैं।
- यजुर्वेद गद्य व पद्य दोनों में लिखा गया है, अर्थात यह एकमात्र वेद है जो इस प्रकार लिखा हुआ है।
- यह चम्पू शैली का वेद है।
- यजुर्वेद की कृष्ण यजुर्वेद की शाखा दक्षिण भारत में विकसित हुई।
- यजुर्वेद की शुक्ल यजुर्वेद की शाखा उत्तर भारत में विकसित हुई थी।
- यजुर्वेद में यजु का अर्थ यज्ञ होता है।
- इस वेद में बलिदान विधि का वर्णन किया गया है।
- इस वेद में सर्वप्रथम नक्षत्रों का विवरण मिलता है।
- देश शब्द का पहला उल्लेख शुक्ल यजुर्वेद में मिलता है।
- भारत में विधवा विवाह का पहला उल्लेख तैत्तिरीय संहिता में मिलता है।
- इस वेद का रचनाकाल - 1000 ई. पू. से 600 ई. पू. है।
- कृष्ण यजुर्वेद ब्रह्म सम्प्रदाय का प्रतिनिधित्व करता है।
- शुक्ल यजुर्वेद में विदेशियों को म्लेच्छ कहा गया है।
- इसी यजुर्वेद में मत्स्यावतार द्वारा मनु को बचाने की जलप्लावन शुक्ल कथा का वर्णन मिलता है।
- शुक्ल यजुर्वेद में पुनर्जन्म की कथा का वर्णन मिलता है।
- कृष्ण यजुर्वेद के उपनिषद

(1) कठोपनिषद - यम नचिकेता का संवाद का वर्णन, आत्मा की अमरता का उल्लेख।

(2) मैत्रायणी उपनिषद : इसमें हर्यक वंश के राजा अजातशत्रु का उल्लेख मिलता है।

(3) श्वेताश्वर - इसमें भौतिक जगत की अवधारणा दी गई है।

(4) शुकर रहस्य उपनिषद:-

(5) तैत्तिरीय उपनिषद - अतिथि सत्कार की भावना।

**4. अथर्ववेद**

- सबसे नया वेद है।
- यह वेदत्रयी से बाहर है।
- इस वेद की रचना सबसे बाद में हुई।
- अथर्ववेद जादू-टोना, तंत्र मंत्र आदि क्रियाओं से संबंधित है।
- अथर्ववेद में सबसे शक्तिशाली महाजनपद मगध का उल्लेख हुआ है।
- अथर्ववेद का पहली बार उल्लेख इसी वेद में हुआ है।
- 'माता भूमि: पुत्रोऽहम् पृथिव्याः' अर्थात- धरती मेरी माता है और मैं उसका पुत्र हूँ, यह उक्ति इसी वेद में मिलती है।
- इसी वेद में ब्रह्म ज्ञान की पहली बार जानकारी मिलती है।
- अथर्ववेद के दो पाठ हैं -

  (1) शौनकीय  (2) पैप्लादि
- ऋग्वेद की तरह अयोध्या का उल्लेख इस वेद में भी हुआ है।
- इस वेद के अनुसार युद्ध का आरंभ मस्तिष्क से होता है।

- इसमें पृथ्वी माता की तुलना गाय से की गई है।
- इसमें रोग - निवारण, विवाह, भूत-प्रेत जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल हैं।
- इसमें रोग-नाशक जड़ी बूटियों का वर्णन भी किया गया है।
- इस वेद की ब्रह्मवेद/पुरोहित वेद/श्रेष्ठ वेद भी कहा जाता है।
- अथर्वा नामक ऋषि इसके प्रथम दृष्टा थे, इन्हीं के नाम पर इसका नाम अथर्ववेद पड़ा था।

**वेद व उनके उपवेद:** कुल उपवेद 4 हैं।

| **वेद** | **उपवेद** |
|---|---|
| ऋग्वेद | आयुर्वेद |
| यजुर्वेद | धनुर्वेद |
| सामवेद | गन्धर्ववेद |
| अथर्ववेद | शिल्पवेद |

- **वेदों में यज्ञ करवाने वाले पुरोहितों को निम्न रूप से जानते थे –**

| **वेद** | **यज्ञ कराने वाले पुरोहित** |
|---|---|
| ऋग्वेद | होता (होतृ) |
| यजुर्वेद | अध्वर्यु |
| सामवेद | उद्गाता |
| अथर्ववेद | ब्रह्मा |

- **वेद व उनके ब्राह्मण ग्रंथ –**

| **वेद** | **ब्राह्मण ग्रंथ** |
|---|---|
| ऋग्वेद | ऐतरेय, कौषीतिकी |
| यजुर्वेद | शुक्ल यजुर्वेद-शतपथ, कृष्ण यजुर्वेद - तैत्तिरीय |
| सामवेद | षड्विंश, पंचविंश, जैमिनीय |
| अथर्ववेद | गोपथ |

- **वेद व उनके उपनिषद् :**

| **वेद** | **उपनिषद्** |
|---|---|
| **ऋग्वेद** | **ऐतरेय, कौषीतिकी** |
| **सामवेद** | **छान्दोग्य, केन, जैमिनीय** |
| **अथर्ववेद** | **मुण्डक, माण्डुक्य, प्रश्न** |
| **यजुर्वेद** | **शुक्ल यजुर्वेद - बृहदारण्यक, ईशश** |
| | **कृष्ण यजुर्वेद - कठ, मैत्रायणी, तैत्तिरीय, श्वेताश्वतर** |

**वेदांग**

- वेदों को सरलता से समझने के लिए वेदांगों की रचना की गई।

वेदांग की संख्या 6 है।

- वेदांगों का सही क्रम से वर्णन/उल्लेख सर्वप्रथम मुण्डकोपनिषद् में मिलता है।
- वेदांग वैदिक साहित्य का भाग नहीं है।

**प्रमुख वेदांग**

| वेदांग | वेद की नायिका | (रचना-वामज्य ऋषि) |
|---|---|---|
| कल्प | वेद के हाथ | (रचना-गौतम ऋषि) |
| व्याकरण | वेद के मुख | (रचना-पाणिनी) |
| निरुक्त | वेद के कान | (रचना-यास्क) |
| छन्द | वेद के पैर | (रचना-पिंगल मुनि) |
| ज्योतिष | वेद की आँख | (रचना-लघद मुनि) |

**उपनिषद**

- उप का अर्थ - समीप, नि का अर्थ - निष्ठापूर्वक, षद् का अर्थ - बैठना।
- उपनिषद गद्य व पद्य दोनों शैलियों में मिलते हैं।
- उपनिषद को वेदान्त दर्शन भी कहा जाता है।
- यह मुख्यतः ज्ञानमार्गी रचनाएं हैं।
- उपनिषद + ब्रह्मसूत्र + भगवद्गीता को प्रस्थान त्रयी कहा जाता है।
- कुल उपनिषद - 108, प्रमाणिक उपनिषद - 12
    1. ईश
    2. केन
    3. ऐतरेय
    4. कौषीतिकी
    5. बृहदारण्यक
    6. श्वेताश्वतर
    7. कठ
    8. प्रश्न
    9. मुण्डक
    10. माण्डूक्य
    11. तैत्तिरीय
    12. छान्दोग्य
- सबसे प्राचीन उपनिषद - छान्दोग्य
- सबसे नवीन उपनिषद - मैत्रायणी
- सबसे बड़ा उपनिषद - बृहदारण्यक
- सबसे छोटा उपनिषद - माण्डूक्य
- भारत का राष्ट्रीय आदर्श वाक्य 'सत्यमेव जयते' मुण्डकोपनिषद से लिया गया है।
- बृहदारण्यक यजुर्वेद का उपनिषद है।
- बृहदारण्यक उपनिषद में गार्गी-मैत्रेय संवाद मिलता है।
- बृहदारण्यक उपनिषद में - **सर्वे भवन्तु सुखिनः तमसो मा ज्योतिर्गमय अहम् ब्रह्मास्मि**
- मैत्रायणी उपनिषद में त्रिमूर्ति की अवधारणा दी गई है।
- मुण्डक उपनिषद में यज्ञों को टूटी नाव की तरह अविश्वसनीय बताया है।
- मुण्डक उपनिषद में संसार को मकड़ी के जाल के समान बताया है।
- माण्डूक्य उपनिषद में ॐ की महत्ता का उल्लेख मिलता है।
- सत्यकाम जाबाल की कथा, जो अनब्याही माँ होने के लांछन को चुनौती देती है, छान्दोग्य उपनिषद में है।
- सदा सत्य बोलो एवं अतिथि देवो भवः, तैत्तिरीय उपनिषद में है।
- जाबालोपनिषद में आश्रम व्यवस्था का वर्णन मिलता है - चार आश्रम

**ब्राह्मण ग्रंथ**

- वेदों की सरल व्याख्या के लिए ब्राह्मण ग्रंथ लिखे गए।
- ये गद्य में लिखे गए हैं।
- ब्राह्मण ग्रंथों का वेदों का परिशिष्ट माना जाता है।
- ब्राह्मण ग्रंथों का मुख्य विषय - यज्ञकर्म का विधान
- रुद्र की महिमा का विशेष वर्णन कौषीतिकी ब्राह्मण में मिलता है।
- शतपथ को लघु वेद भी कहा जाता है।
- शतपथ ब्राह्मण में यज्ञ वेदी के स्वरूप की तुलना स्त्री से की गई है।
- वेतिरीय ब्राह्मण में तीन ऋण तथा पंचमहायज्ञ का उल्लेख मिलता है।

  **तीन ऋण** - ऋषि ऋण, पितृ ऋण तथा देव ऋण

  **पंचमहायज्ञ** - ब्रह्मयज्ञ, देवयज्ञ, पितृयज्ञ, मनुष्य यज्ञ, भूतयज्ञ।
- ऐतरेय ब्राह्मण में राज्याभिषेक से संबंधित नियम प्रणाली का उल्लेख मिलता है।
- षडविंश में इन्द्र तथा अहल्या का आख्यान मिलता है।
- शतपथ ब्राह्मण में कुलाल चक्र (कुम्हार का चाक) का उल्लेख मिलता है।
- शुनःशेप की कथा ऋग्वेद के ऐतरेय ब्राह्मण में मिलती है।
- ऐतरेय ब्राह्मण में सर्वप्रथम चार वर्णों के कर्तव्यों का उल्लेख हुआ है।

## <u>महाकाव्य</u>

**महाभारत -**

- रचना-महार्षि कृष्ण द्वैपायन वेदव्यास ने
- इसमे पर्व - 18
- महाभारत का प्राचीन नाम-जयसंहिता
- महाभारत की रचना गुप्तकाल में पुर्ण हुई।
- महाभारत का सर्वप्रथम उल्लेख आश्वलायन गृह सुत्र में मिलता है।
- इसे पंचम वेद भी कहा जाता है।
- गुप्तकाल में श्लोक 1 लाख होने पर इसका नाम महाभारत रखा गया ।
- जब श्लोक 8800 थे तब नाम जयसंहिता

  श्लोक 24000 - भारत

  श्लोक 1 लाख - महाभारत
- महाभारत को शतसाहस्त्री संहिता भी कहा जाता है।
- इसके कुल 18 पर्वो में सबसे बड़ा पर्व शंति पर्व है।
- महाभारत का युद्ध हरियाणा, कुरुक्षेत्र मे लड़ा गया जो 18 दिन चला।
- भगवद्गीता महाभारत के 6 वें पर्व भीष्म पर्व का ही भाग है

  गीता की रचना - महर्षि वेदव्यास ने की थी।
- इसमे भगवान कृष्ण तथा अर्जुन के मध्य का संवाद मिलता है।
- भगवद्गीता को स्मृति प्रस्थान भी कहा जाता है।
- यह हिन्दु धर्म की सबसे पवित्र पुस्तक मानी जाती है।
- भगवद्गीता का प्रयोग भारतीय न्यायालय में भी किया जाता है
- महाभारत विश्व का सबसे बड़ा महाकाव्य है।

## रामायण

- रचना - महर्षि वाल्मीकी
- वाल्मीकी का वास्तविक नाम रत्नाकार बताया जाता है।
- रामायण में कुल श्लोक 24000 है।
- इसे चतुर्विंशतिसाहस्त्री संहिता कहा जाता है।
- महाभारत की रचना गुप्तकाल में हुयी थी।
- महाभारत की तरह इसे भी पांचवा वेद कहा जाता है।
- रामायण में कुल सात काण्ड है-

1. बाल काण्ड
2. अयोध्या काण्ड
3. अरण्य काण्ड
4. किष्किन्धा काण्ड
5. सुन्दर काण्ड
6. लंका काण्ड
7. उतर काण्ड।

- सबसे छोटा काण्ड किष्किन्धा काण्ड है।
- रामायण का सबसे बड़ा काण्ड लंका काण्ड है।
- रामायण तथा महाभारत दोनो महाकाव्य है। इनकी रचना संस्कृत भाषा में हुयी है।

## पुराण

- शाब्दिक अर्थ-प्राचीन आख्यान होता है।
- पुराणों की रचना लोमर्हष व उनके पुत्र उग्रश्रवा ने की थी।
- पुराणों की संख्या - 18
- उपपुराण - 18
- मत्स्य, वायु, विष्णु, ब्रह्माण्ड तथा भागवत पुराण में भारतीय इतिहास के राजवंशो का वर्णन मिलता है।
- सभी पुराणों में सबसे प्राचीन तथा सबसे प्रमाणिक पुराण मत्स्य पुराण को माना जाता है।
- अमरकोष मे पुराणों के षँाच विषय मिलते है-

1. सर्ग
2. प्रति सर्ग सृष्टि
3. वंश
4. मन्वन्तर
5. वंशानुचरित

- "जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादापि गरीयसी" का उल्लेख भागवत पुराण में है।
- मत्स्य पुराण में लिंग पुजा का प्रथम उल्लेख मिलता है।

## धर्मशास्त्र/स्मृतियां

- धर्मसुत्रो के कारण स्मृति ग्रंथो का विकास हुआ, इसलिय स्मृतियों को धर्मशास्त्र भी कहा जाता है।
- प्रमुख स्मृतियाँ - मनुस्मृति, बृहस्पति स्मृति, वशिष्ट स्मृति कात्यायन स्मृति गौतम स्मृति, देवल स्मृति, याज्ञवलक्य स्मृति तथा नारद स्मृति ।
- सबसे प्रचीन स्मृति मनुस्मृति है। इसकी रचना शुंग काल में हुई है।
- मनुस्मृति के भाष्यकार = मेधातिथि, गेविन्दराज, भारुचि, रामचंद्र रघुनन्दन।

- नारद स्मृति का टीकाकार असहाय है।
- याज्ञवलक्य स्मृति के टीकाकार - विश्वरूप, विज्ञानेश्वर तथा अपरार्क है।
- विज्ञानेश्वर की टीका का नाम मिताक्षरा है।
- पाराशार स्मृति में सर्वप्रथम कृषि को ब्राह्मण धर्म की वृति बताया गया है।
- पाराशर स्मृति के टीकाकार माधवाचार्य थे।
- माधवाचार्य जी ने सर्वदर्शन संग्रह नामक पुस्तक लिखी।
- विष्णु स्मृति पद्य मे लिखी गयी है।
- मनुस्मृति सबसे प्राचीन है इसकी रचना शुंग काल में (200 ई. पु. से 200 ई.)
- याज्ञवलक्य स्मृति की रचना 100 ई. -300 ई. में मौयोतर काल मे हुई।
- नारद स्मृति , पाराशर स्मृति, कात्यायन स्मृति, बृहस्पति स्मृति तथा देवल स्मृति की रचना 300 ई. -550 ई. तक गुप्त काल मे हूई।
- मनुस्सति को शुंग काल का मानक ग्रथं माना जाता है।
- याज्ञवलक्य स्मृति के प्रमुख टीकाकार विज्ञानेश्वर कल्याणी के चालुक्य राजा विक्रमादित्य षष्ठम के दरबारी थे।

Toppersnotes
Unleash the topper in you